आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com



जालंधर, शनिवार 18 जनवरी 2025

वंदे भारत 24

भारत के मन की बात





@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com


# डेढ़ साल से नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाला कलयुगी पिता गिरफ्तार

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** थाना बस्ती बावा खेल में पड़ते एक इलाके में एक व्यक्ति पिछले डेढ साल से अपनी सगी नाबालिग बेटी से मारपीट करते हुए उसके साथ शरीरिक संबंध बना रहा था। जैसे ही इसकी जानकारी लड़की की मां को मिली तो उसने अपनी बेटी समेत थाना बस्ती बावा खेल में पहुंचकर पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। महिला पुलिस अधिकारी सब इंस्पैक्टर मनजीत कौर ने लड़की के बयान लेने के बाद खुद पूरे मामले की गहराई से जांच की और लड़की के पिता प्रदीप कुमार के खिलाफ बी.एन.एस. की धाराओं 64, 351, 51 व पोक्सो एक्ट के तहत 9 नंबर एफ.आई.आर. दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार भी कर लिया है।



जानकारी के मुताबिक पिछले डेढ़ साल से अपने पिता की हवस का शिकार हो रही उक्त नाबालिग लड़की ने पुलिस को दिए बयानों में कहा है कि वह मूल रूप से यू.पी. के रहने वाले हैं और काफी समय से परिवार समेत बस्तियां इलाके में रह रहे हैं। मां फैक्टरी में काम करती है और पिता प्रदीप कुमार ई-रिक्शा चलाता है। उसने कहा कि उसकी आयु 16-17 साल है और वह भी फैक्टरी में काम करती है।

14 जनवरी को उसकी मां सुबह 8.30 बजे काम पर चली गई। वह हर रोज शाम को 5.30 बजे छुट्टी कर घर वापस आती है। लड़की ने बताया कि 14 जनवरी को दोपहर 1 बजे उसका पिता घर आया, तब वह घर में बिल्कुल अकेली थी और बाकी भाई-बहन बाहर खेलने के लिए गए हुए थे।

पिता ने कमरे में आकर उसके साथ गलत काम करने की कोशिश की तो उसने अपने आप को उससे छुड़ाना चाहा तो उसने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और उसके बाद जबरन उसके साथ शरीरिक संबंध बनाए। इससे पहले भी वह उसने डरा-धमका कर कई बार उससे शरीरिक संबंध बना चुका है। पिता उससे कहता था कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो वह उसे जान से मार देगा। महिला पुलिस अधिकारी मनजीत कौर ने बताया कि आरोपी प्रदीप कुमार को कल सुबह माननीय अदालत में पेश किया जाएगा। उससे और पूछताछ करने के लिए उसका पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। लड़की का सिविल अस्पताल से मैडिकल करवा कर उसके 164 के बयान करवाए जाएंगे। आरोपी को फिलहाल थाने की हिरासत में रखा गया है।

## मेयर विनीत धीर की गाड़ी से उतरेगी लाल बत्ती, अदालत में पहुंचा मामला

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** मेयर की गाड़ी पर लाल बत्ती लगाने को लेकर एक युवक ने अदालत में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया है कि मेयर, जो जनता के सेवक हैं, उनकी गाड़ी पर लाल और नीली बत्ती लगाना अनुचित है। याचिका में तर्क दिया गया है कि ऐसा करना वीआईपी संस्कृति को बढ़ावा देता है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। अब यह देखना होगा कि मेयर विनीत धीर इस मामले में क्या कदम उठाते हैं-क्या वे गाड़ी से लाल बत्ती हटाते हैं, या अदालत में इसके पक्ष में कोई स्पष्टीकरण पेश करते हैं।



## पंजाब में नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा, व्यक्ति के हुए टुकड़े-टुकड़े

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक गांव के पास सुबह करीब 6 बजे हुए हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। राहगीरों ने इसकी सूचना मकसूदां थाने की पुलिस को दी और ए.एस.आई. राजिन्द्र सिंह पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जानकारी देते ए.एस.आई. राजिंदर सिंह ने बताया कि उन्हें तुरंत सूचना मिली कि एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है और वाहन मौके से फरार हो गया है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच में पता चला है कि एक अज्ञात व्यक्ति सड़क किनारे पैदल जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे शव के टुकड़े सड़क पर बिखर गए और वाहन उनके ऊपर से गुजरते रहे। मृतक की पहचान के लिए क्षेत्र के प्रमुख लोगों को बुलाया गया लेकिन किसी ने उसकी पहचान नहीं की। ए.एस.आई. राजिंदर सिंह ने बताया कि मृतक के शव के टुकड़ों को एकत्रित कर पहचान के लिए 72 घंटे के लिए सिविल अस्पताल में रख दिया गया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस द्वारा आसपास लगे कैमरे खंगाले जा रहे हैं।




# जान बचाने के लिए छत से कूदी गर्भवतीः बच्चे चीखते रहे... अमृतसर में 30 से 40 लोग घर में घुसे, लगा दी आग



**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब के अमृतसर 30 से 40 लोगों ने एक घर को आग के हवाले कर दिया। लोगों की भीड़ घर में घुस आई और फिर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद घर में आग लगा दी। जिस घर में यह घटना हुई है वहां बच्चे और एक गर्भवती महिला भी थी। महिला और बच्चे चीखते-चिल्लाते रहे, पर आरोपियों ने घर में आग लगा दी और वहां से भाग गए।

यह सारा मामला रंजिश से जुड़ा है। घटना अमृतसर की इंदिरा कॉलोनी इलाके में हुई है। भीड़ में आए 30-40 लोगों ने घर को आग लगा दी। कुछ ही पलों में आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। घर में मौजूद गर्भवती महिला सहित बच्चे अपनी जान बचाने के लिए घर की छत पर चढ़ गए, लेकिन आग ज्यादा फैलने से उन्होंने छत से छलांग लगा दी।

घर में आग लगता देख आसपास के मोहल्ले के लोग इकट्ठे हो गए और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। लेकिन फायर ब्रिगेड भी जब समय पर न पहुंची तो लोग आग बुझाने में जुट गए। आग पर काबू पाने के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घर का जायजा लेकर मामले को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने बताया कि कुछ लोगों का झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश के तहत अज्ञात आरोपी उनके घर पर आ गए और कहने लगे कि उनके लड़के भी झगड़े में शामिल हैं। आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी और देखते-देखते घर को आग लगा दी। इसके बाद घर में मौजूद गर्भवती महिला और बच्चे भाग कर छत पर चले गए और वहां से नीचे कूद गए। आग के कारण घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया।


HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# पंजाब में 25 किसानों के खिलाफ अरेस्ट वारंट, पीएम सुरक्षा चूक से जुड़ा है मामला

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब में पीएम मोदी की सुरक्षा चूक के मामले ने एक बार फिर से तूल पकड़ लिया है। कोर्ट ने इस मामले में 25 किसानों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंटी जारी किया गया है। इसके साथ ही किसानों पर हत्या की धारा भी जोड़ी गई है। किसानों को जब कोर्ट की तरफ से यह समन जारी हुए तब इसका खुलासा हुआ।

### 3 जनवरी को जारी किए अरेस्ट वारंट

फिरोजपुर की कोर्ट ने इसी साल 3 जनवरी को 25 किसानों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। आरोपियों को पहले भी कोर्ट में पेश होने के लिए समन और वारंट भेजे गए थे, लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। जिसके बाद कोर्ट ने 22 जनवरी तक उन्हें गिरफ्तार कर पेश करने के आदेश दिए हैं।

### किसानों ने रोका था पीएम का काफिला

आपको बता दें कि साल 2022 में पीएम मोदी फिरोजपुर में एक रैली को संबोधित करने के लिए आ रहे थे। खराब मौसम होने के कारण हेलिकॉप्टर छोड़कर वह गाड़ी से निकले। पर रास्ते में ही किसानों ने पीएम मोदी के काफिले को रोक लिया और जाम लगा दिया। करीब 20 मिनट तक पीएम के काफिले को रोका गया था।



# होशियारपुर के युवक की कनाडा में मौत, 10 महीने पहले लोन लेकर गया था



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** कनाडा से आए दिन पंजाबियों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं। होशियारपुर से हाल ही में अच्छे भविष्य के लिए कनाडा गए युवक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जसविंदर के रूप में हुई है ।

### 10 महीने पहले गया था कनाडा

जानकारी के अनुसार जसविंदर करीब 10 महीने पहले कनाडा गया था। जिसकी लोहड़ी के दिन दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। जसविंदर के रिश्तेदार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें फोन आया कि जसविंदर की लोहड़ी के दिन मौत हो गई। पहले तो उन्हें विश्वास नहीं हुआ, लेकिन बाद में जब उन्होंने कनाडा में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से पता किया तो खबर सच निकली।

### लोन लेकर गया था विदेश

मृतक के एक रिश्तेदार ने बताया कि जसविंदर अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़ गया है। बता दें कि जसविंदर लोन लेकर विदेश गया था। परिवार का कहना है कि अगर वे जसविंदर का शव भारत वापस लाते हैं तो और खर्चा होगा।

इसलिए उनका परिवार चाहता है कि जसविंदर का अंतिम संस्कार कनाडा में ही किया जाए।

# जालंधर पेट्रोल पंप डकैती मामला, पुलिस ने लुटेरों पर रखा 25 हजार रुपये का ईनाम

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** आदमपुर पेट्रोल पंप पर पिछले दिन हुई हथियारबंद डकैती में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने जिले भर में तलाशी अभियान शुरू किया है। 15 जनवरी को दर्ज की गई इस घटना को आदमपुर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) और शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत एफआईआर नंबर 08 के रूप में दर्ज किया गया है।

सीसीटीवी फुटेज में कई संदिग्धों को डकैती करते हुए दिखाया गया है, जिनमें से कुछ मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग गए। फुटेज को फिलहाल फोरेंसिक विश्लेषण के तहत रखा गया है ताकि संदिग्धों और उनके वाहन की पहचान की जा सके। पुलिस ने इसे उच्च प्राथमिकता वाला मामला माना है और अपराधियों की तलाश तेज कर दी है। जनता के सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए, पुलिस ने संदिग्धों की पहचान या गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 25,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। साथ ही सूचना देने वालों को पूरी गोपनीयता का आश्वासन दिया जाता है।

हेल्पलाइन नंबर

**कंट्रोल रूम जालंधर :** 81948-00100

**एसपी ( जांच ) :** 96461-05144

**डीएसपी आदमपुर :** 98768-21300

**एसएचओ आदमपुर :** 95179-87513




# चलती फॉर्च्यूनर में युवक ने खुद को गोली से उड़ाया, एक साल पहले अमेरिका से लौटा था छिंदा

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब के लुधियाना में अमेरिका से लौटे युवक ने अपनी फॉर्च्यूनर में खुद को गोलियां मारी। एक गोली उसके छाती और दूसरी पैर पर लगी। गोली लगने के युवक की मौत हो गई। घटना लुधियाना के माछीवाड़ा साहिब की है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

माछीवाड़ा साहिब के गांव गौंसगढ़ के रहने वाले सुरिंदर सिंह छिंदा ने चलती फॉर्च्यूनर कार में अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर अपनी जीवन लीला खत्म कर ली। सुरिंदर सिंह छिंदा करीब एक वर्ष पहले अमेरिका से गांव लौटा था। वह गांव में परिवार के साथ खेती और डेयरी का काम करता था। शुक्रवार को भी वह प्रतिदिन की तरह सुबह डेयरी में दूध डालकर आया और



उसके बाद अपनी फॉर्च्यूनर लेकर कहीं चला गया। सुरिंदर सिंह ने गांव के पास सड़क पर चलती कार में खुद को गोली मार ली, इसके बाद उसकी कार अनयंत्रित होकर सड़क किनारे लगे एक बिजली के खंभे से टकराकर खेत में जा गिरी।

जब यह घटना हुई तो उस समय खेत में काम कर रहे चश्मदीद जगरूप सिंह ने बताया कि जब कार खंभे से टकराकर खेत में गिरी तो उसमें से धुआं निकलने लगा। उसने मौके पर जाकर देखा तो युवक खून से लथपथ सीट पर पड़ा था। जगरूप सिंह के मुताबिक जब उसने शीशा तोड़कर युवक को बाहर निकाला तो उसकी पहचान सुरिंदर सिंह छिंदा के रूप में हुई। सुरिंदर सिंह के सीने में गोली लगने से उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद उसने गांव वालों को सूचना दी।

### गन हाउस से लाया था लाइसेंसी रिवॉल्वर और नए कारतूस

जानकारी के मुताबिक सुरिंदर छिंदा की लाइसेंसी रिवॉल्वर गन हाउस में थी, जिसे वह शुक्रवार को ही लेकर आया था। गाड़ी में नए कारतूस भी मिले हैं। पुलिस के मुताबिक ऐसा लगता है कि ये आज ही नए खरीदे गए हैं और जांच जारी है। मृतक आत्महत्या करने के इरादे से गन हाउस से अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर और कारतूस लेकर आया और उसने घटना को अंजाम दिया।

### सभी पहलुओं की जांच कर रही पुलिस

सुरिंदर छिंदा को दो गोलियां लगीं थी, एक पैर और दूसरी सीने के पार हो चुकी थी है। सूचना मिलते ही एसएसपी अश्वनी गोटियाल, डीएसपी (डी) सुखप्रीत सिंह रंधावा और थाना प्रभारी पवित्र सिंह मौके पर पहुंचे। डीएसपी सुखप्रीत सिंह रंधावा ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन फिर भी पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मृतक के मोबाइल फोन की भी जांच की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से गांव में शोक की लहर है। मृतक की पत्नी और एक बच्चा है।

# जालंधर में ट्रैफिक समस्या को लेकर पुलिस और निगम टीम का एक्शन, अधिकारियों को आता देख दुकानदारों ने उठाए अवैध कब्जे

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जालंधर में त्योहार खत्म होते ही ट्रैफिक को लेकर पुलिस ने एक्शन लिया है। पुलिस और तहबाजारी टीम को आता देख अवैध कब्जाधारी खुद सामान उठाने लगे।

पुलिस ने नगर निगम की तहबाजारी टीम के साथ मिलकर शहर बस्ती अड्डा चौक से भगवान वाल्मीकि चौक, प्रभु श्री राम चौक तक अवैध रूप से भीड़-भाड़ वाले बाजारों में अवैध कब्जे और पार्किंग को लेकर दुकानदारों और लोगों को चेतावनी दी।

## ट्रैफिक समस्या को लेकर होगी कार्रवाई

एसपी अमनदीप कौर ने कहा कि सड़क पर गाड़ी खड़ी करना या दुकान लगाना गैर कानूनी है क्योंकि इससे ट्रैफिक जाम होता है। ट्रैफिक जाम होने के कारण पब्लिक को काफी परेशानियां भी आती है। हमारी यह ड्राइव लगातार चल रही है। उनकी टीम ने चुनाव और त्योहारी सीजन के कारण उन्होंने दुकानदारों की कमाई के साधनों का ध्यान रखते हुए कार्रवाई नहीं की थी। लेकिन अब दोबारा से ट्रैफिक की समस्या को लेकर मुहिम शुरू कर दी गई है।



## शहर में बनाए गए हैं 17 नो टोलरेंस जोन

कमिश्नर के आदेशों के मुताबिक शहर में 17 नो टोलरेंस जोन बनाए हुए हैं। आज के दिन दुकानदारों और रेहड़ी वालों को चेतावनी दी गई है। कल से दोबारा से अवैध कब्जाधारियों और अवैध वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कल से लोगों को दोबारा ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

## लवली, क्रिमिका पर कही यह बात

वहीं शहर में क्रिमिका और लवली जैसी बड़ी दुकानों के बाहर ट्रैफिक की समस्या को लेकर एसपी ने कहा कि वहां पर भी अगर किसी को परेशानी आती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं संडे बाजार को लेकर कहाकि यह मुहिम रविवार को भी जारी रहेगी।

# आरोपी कुल्चे बेचने की आड़ में बेच रहा था चाइना डोर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर में चाईना डोर के खिलाफ पुलिस की तरफ़ से काफी सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। वहीं इसी के तहत आज फिल्लौर पुलिस ने चाईना डोर बेचने के मामले में एक कुल्चा बेचने वाले को गिरफ्तार किया है।

आरोपी कुल्चे बेचने की आड़ में चाईना डोर बेचने का काम कर रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी अपरा में कुलचे बेचने की आड़ में चाईना डोर बेचना का धंधा कर रहा था और मोटे रुपए कमा रहा था। पुलिस पूछताछ में पता चला कि व्यक्ति चाईना डोर की सप्लाई भी कर रहा था और 150 रुपये प्रति गट्टू के सस्ते दाम पर खरीदकर 500 से 700 रुपये में बेच रहा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पतंग लूटते समय कटा गला

वहीं लुधियाना के कलसी नगर में 14 साल का सत्यम पतंग लूट रहा था। इस दौरान चाइना डोर से उसका गला कट गया। जिस कारण उसके गले पर गहरा घाव बन गया। घटना के बाद सत्यम के माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## जालंधर में व्यक्ति की हो चुकी है मौत

आपको बता दें कि बीते दिन ही जालंधर में चाईना डोर के कारण 45 साल के हरप्रीत सिंह की मौत हो गई थी। हरप्रीत बाइक पर आदमपुर से अपने गांव जा रहा था।

इस दौरान वह चाईना डोर की चपेट में आ गया और उसका गला कट गया। जख्मी हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे चंडीगढ़ पीजीआई अस्पताल रेफर कर दिया। 2 दिन बाद उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई।



# विजिलेंस ने जालंधर में रिश्वत लेते रंगे हाथ लाइनमैन और जेई को किया अरेस्ट, नया मीटर लगाने के लिए मांगे थे 10 हजार रुपए

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** जालंधर में विजिलेंस ने PSPCL (पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के जेई मनजीत सिंह और लाइनमैन हरजीत सिंह को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। दोनों आरोपी सुमित वधवा नाम के व्यक्ति से घर में लगे पुराने मीटर के हटाने और नया मीटर लगाने के बदले 10 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे थे।

## नया मीटर लगवाने के लिए मांग रहे थे पैसे

सुमित वधवा ने विजिलेंस को बताया कि दोनों आरोपियों ने उससे नया मीटर लगाने के लिए 10 हजार रुपए रिश्वत मांगी है।

जिसमें से उसने 5 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए है। लेकिन आरोपी बचे 5 हजार रुपए और मांग रहे थे। जिसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत दी।



## विजिलेंस ने ट्रैप लगाकर फंसाया


विजिलेंस ने इस मामले में शुरुआती जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ जाल बिछाया। जिसमें लाइनमैन, जेई को 2 सरकारी गवाहों के मौजूदगी में 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# 'पत्नी का शराब पीना पति से क्रूरता नहीं..', इलाहाबाद हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के तलाक से जुड़े एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने तलाक के मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि केवल पत्नी की शराब पीने की आदत को पति के खिलाफ क्रूरता नहीं माना जा सकता है। जब तक कि वो नशे की हालत में पति के साथ अभद्र या अनुचित व्यवहार न करे। हालांकि अदालत ने दोनों को तलाक की अनुमति दे दी है।

दरअसल पति ने दावा किया था कि उसकी पत्नी शराब पीती है और रात को अपने दोस्तों के साथ समय बिताती है। ऐसे में दोनों कई सालों से एक दूसरे से अलग रह रहे थे। इसलिए अदालत ने परित्याग के आधार पर उन्हें तलाक की इजाजत दे दी। बता दें कि रिकॉर्ड में भी ऐसे कोई सबूत सामने नहीं आए हैं जिससे ये साबित होता हो सके कि शराब पीने की वजह से पत्नी ने पति के साथ कोई क्रूरता या अभद्रता की हो।

गौरतलब हो कि याचिकाकर्ता ने अपनी अर्जी में पत्नी पर क्रूरता और उन्हें छोड़कर जाने का आरोप लगाया था और तलाक की मांग की थी।



इस मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की डिविजन बेंच ने कहा कि क्रूरता और परित्याग दोनों मामले एक दूसरे से एकदम अलग है।


आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# ये हैं कालाष्टमी पर दुश्मनों का अंत करने के गुप्त उपाय




साल 2025 में माघ महीने के कृष्ण पक्ष की कालाष्टमी 21 जनवरी को मनाई जाएगी। कालाष्टमी तंत्र, साधना और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए बेहद प्रभावी मानी जाती है। इस दिन दुश्मनों के प्रभाव को कम करने और उनकी बुरी नीयत से बचने के लिए कुछ गुप्त और प्राचीन उपाय किए जा सकते हैं। ये उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए हैं जो सकारात्मक ऊर्जा और सुरक्षा चाहते हैं।



## नींबू और हनुमान मंत्र

एक ताजा नींबू लें और उस पर काले धागे को सात बार लपेटें। फिर इसे हाथ में लेकर 卐? हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट् स्वाहा卐 का 51 बार जप करें। इस नींबू को घर के बाहर किसी सुनसान जगह पर फेंक दें। यह उपाय दुश्मनों की नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करता है।



## काले तिल और सरसों का उपाय



एक मुट्ठी काले तिल, सरसों के दाने, और थोड़ी फिटकरी लें। इन्हें अपने ऊपर से 7 बार वारकर बहते पानी में बहा दें। इससे दुश्मनों की बुरी दृष्टि और नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है।

## भैरव चालीसा और सरसों के तेल का दीपक

भैरव चालीसा का पाठ करें और काले सरसों के तेल का दीपक जलाएं। दीपक को उत्तर दिशा में रखें और उसमें 7 लौंग डालें।

## सावधानियां

इन उपायों को करते समय पूर्ण एकाग्रता और शुद्ध मन से करें।

इन विधियों का दुरुपयोग न करें। केवल अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए इनका उपयोग करें। परिणाम के लिए धैर्य और विश्वास बनाए रखें।



## भैरव पूजा और हवन

काल भैरव की पूजा करें और ? ह्रीं भैरवाय नमः मंत्र का 108 बार जप करें। पूजा के दौरान गुड़ और तिल का हवन करें। यह दुश्मनों के प्रभाव को कमजोर करता है।

## लाल कपड़े का प्रयोग

एक लाल कपड़ा लें और उसमें थोड़ा गुड़, काले तिल, और कोयला बांधकर नदी में प्रवाहित करें। यह दुश्मनों की शक्ति को समाप्त करता है और आपकी रक्षा करता है।

## रात के समय काली मिर्च उपाय

आधी रात को दक्षिण दिशा की ओर मुख करके 7 काली मिर्च लें। हर मिर्च पर अपने दुश्मन का नाम लेकर? क्रों कालभैरवाय फट्卐 मंत्र का उच्चारण करें। इसके बाद इन मिर्चों को चौराहे पर फेंक दें और पीछे मुड़कर न देखें।

# आप भी जा रहे हैं महाकुंभ प्रयागराज, इस वट के दर्शन करना न भूलें






उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम के तट पर अक्षयवट स्थित है। यह हिंदू धर्म के पावन वृक्षों में से एक है। अक्षय का अर्थ होता है, जिसका कभी क्षय न हो।

अत: यह पेड़ अजर-अमर है। जब से धरती हांद में आई, तभी से ये पावन वृक्ष भी यहां विराजित है। आप भी महाकुंभ प्रयागराज में आस्था की डूबकी लगाने जा रहे हैं तो इस वट वृक्ष के दर्शन करना न भूलें। आईए जानें, इस पेड़ से जुड़ी पूरी जानकारी-

## अक्षय वट की पौराणिक कथा

अक्षय वट भारत के प्रयागराज (प्राचीन काल में इलाहाबाद) में संगम तट पर स्थित एक विशाल और पवित्र बरगद का वृक्ष है। इसे अमरता और सृष्टि के चिरस्थायी चक्र का प्रतीक माना जाता है। अक्षय वट से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं और रहस्यमय कथानक हैं। यहां एक ऐसी कथा प्रस्तुत है

## कथा प्रलय और अक्षय वट की अमरता

जब सृष्टि की रचना के बाद पहली बार प्रलय आया, तो पूरी पृथ्वी जलमग्न हो गई। भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार धारण कर वेदों की रक्षा की। इस समय केवल अक्षय वट का वृक्ष ही था, जो प्रलय की विनाशकारी जलधारा में भी अडिग और स्थिर खड़ा रहा।

कहा जाता है कि भगवान शंकर ने इस वृक्ष को अमरता का वरदान दिया था। उन्होंने कहा था, यह वट वृक्ष सृष्टि के हर प्रलय का साक्षी बनेगा और इसकी जड़ें कभी नष्ट नहीं होंगी।

यही कारण है कि इसे अक्षय यानी जिसका क्षय न हो कहा जाता है।



## अक्षय वट की अन्य कथा सृष्टि के चक्र का केंद्र

एक और कथा के अनुसार, ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना के समय अक्षय वट को ऊर्जा का केंद्र बनाया। उन्होंने इसे ऐसा स्थान बताया जहां तीनों लोकों की शक्तियां एकत्रित होती हैं। यह भी कहा जाता है कि जो व्यक्ति इस वृक्ष की छाया में ध्यान करता है, उसे मोक्ष प्राप्त होता है।

## भगवान श्रीकृष्ण और अक्षय वट की कथा, बालक भगवान श्रीकृष्ण का खेल

कथाओं में उल्लेख है कि बाल भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बालपन में ब्रह्मांड को अपने मुख में धारण किया था। ऐसा ही एक दृश्य अक्षय वट के नीचे भी प्रकट हुआ था। यशोदा मैया ने जब बाल कृष्ण को यहां खेलते हुए देखा, तो उन्हें सृष्टि के विराट रूप का दर्शन हुआ। तब यशोदा ने अक्षय वट को अमृत का साक्षी कहा।


## कथा, तपस्वियों और ऋषियों का केंद्र

पुराणों के अनुसार, अनेक ऋषि-मुनियों ने अक्षय वट के नीचे तपस्या की। यह वृक्ष कालजयी ज्ञान और तप का प्रतीक है। कहा जाता है कि ऋषि मार्कंडेय ने यहां बैठकर भगवान शिव की आराधना की थी और उन्हें मृत्यु पर विजय का वरदान मिला।

## अक्षय वट का आध्यात्मिक महत्व

यह केवल एक वृक्ष नहीं है, बल्कि जीवन, अमरता और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। यह ब्रह्मा (सृष्टिकर्ता), विष्णु (पालनकर्ता), और महेश (संहारकर्ता) की त्रिदेव ऊर्जा को अपने भीतर समेटे हुए है।

इसे देखने और इसकी पूजा करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED ANM 2 Years Diploma GNM 3 Years Diploma B.Sc (Nursing) 4 Years Degree D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma 10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525 www.stnursinginstitute.in

# पूर्व PM इमरान खान को 14 साल और बुशरा बीबी को 7 साल की सजा





**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है. जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भी 7 साल के लिए जेल भेजने की सजा सुनाई गई है.साथ ही इन पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है. इससे पहले कोर्ट सजा पर फैसला 3 बार टाल चुका था. पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि वे इसके खिलाफ शीर्ष अदालत में जाएंगे.

कोर्ट ने अपने फैसले के साथ ही इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने का भी आदेश सुनाया. वह फैसला सुनने के लिए अदियाला जेल में मौजूद थीं, जहां पुलिस ने उन्हें औपचारिक गिरफ्तारी के लिए घेर लिया फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (NAB) ने दिसंबर 2023 में इमरान खान (72) और बुशरा बीबी (50) समेत 6 अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया था, जिसमें उन पर राष्ट्रीय खजाने को 19 करोड़ पाउंड (करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये) का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था. यह केस इमरान और बुशरा पर चलाया गया क्योंकि एक प्रॉपर्टी कारोबारी सहित अन्य सभी आरोपी देश से बाहर हैं.

## इमरान खान पर चल रहे कई केस

23 दिसंबर को जिस दिन यह फैसला सुनाया जाना था, इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने सर्दियों की छुट्टियों के कारण केस में अपना फैसला 6 जनवरी तक के लिए टाल दिया. फिर 6 जनवरी को, फैसला नहीं सुनाया जा सका क्योंकि मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस राणा छुट्टी पर थे. 13 जनवरी को अगली सुनवाई में जस्टिस ने देरी की वजह इमरान और बुशरा का अदियाला जेल में कोर्ट के सामने पेश न होना बताया.इमरान साल 2023 से ही जेल में हैं. वह कई कानूनी मामलों में जेल में हैं, जिसके बारे में उनका दावा है कि उनके खिलाफ केस राजनीति से प्रेरित हैं. पिछले साल उन्हें तोशाखाना और इद्दत मामलों में बरी कर दिया गया था, लेकिन तोशाखाना 2 मामले में उन पर नया आरोप लगाया गया था.

## कोर्ट रूम से ही गिरफ्तार हुई बुशरा


जज नासिर जावेद राणा ने अदियाला जेल में एक अस्थायी अदालत में आज अहम फैसला सुनाया. जबकि इससे पहले सजा पर फैसला 3 बार टाला जा चुका है. कोर्ट ने इमरान पर 10 लाख रुपये और बुशरा पर 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया. जुर्माना नहीं भरने की सूरत में उन्हें 6 महीने जेल की सजा होगी.

अदियाला जेल के बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच फैसला सुनाया गया, जिसके बाद बुशरा को कोर्ट रूम से ही गिरफ्तार कर लिया गया. इससे पहले इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने फैसला सुनाने के लिए आज 17 जनवरी की तारीख तय की थी.

स्थानीय मीडिया की खबर के अनुसार, जस्टिस नासिर जावेद राणा ने पिछले साल 18 दिसंबर को मामले की सुनवाई पूरी कर ली थी, जबकि फैसला सुनाने के लिए 23 दिसंबर की तारीख सुरक्षित रख लिया था. बाद में उन्होंने फैसला सुनाने के लिए 6 जनवरी की तारीख तय की थी.

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया ऑटो एक्सपो का उद्घाटन

## बोले- पिछले साल में लगभग 12 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी ऑटो इंडस्ट्री






**जालंधर (अंशु कपूर) :** भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री ज़बरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है।

भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है। इतनी कई देशों की आबादी नहीं है जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का इस साल विस्तार हुआ है। पिछले साल 800 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया था और 1.5 लाख से अधिक लोगों ने दौरा किया था। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में इसका आयोजन किया जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि कई नई गाड़ियां लॉन्च की जाएंगी। गतिशीलता के भविष्य को लेकर भारत में सकारात्मकता है। भारत का ऑटोमोटिव उद्योग शानदार और भविष्य के लिए तैयार है। एक्सपो 9 से अधिक समवर्ती शो, 20 से अधिक सम्मेलन और मंडपों की मेजबानी करेगा। इसके अलावा, एक्सपो में उद्योग और क्षेत्रीय स्तरों के बीच सहयोग को सक्षम करने के लिए गतिशीलता क्षेत्र में नीतियों और पहलों को प्रदर्शित करने के लिए राज्य सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

पीयूष गोयल ने कहा कि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अगले वर्ष तक यह विश्व का सर्व प्रथम सर्वश्रेष्ठ और पूरे सेक्टर के लिए दुनिया में वन स्टॉप डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा।

# बीबीएनडीए लैंड पूलिंग पॉलिसी से बुनियादी ढांचे के विकास को मिलेगा बढ़ावाः मुख्यमंत्री



**जालंधर (पंकज शर्मा) :** राज्य सरकार ने बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण (बीबीएनडीए) लैंड पूलिंग पॉलिसी-2025 आरम्भ की है। इसका मुख्य उद्देश्य सोलन जिला के बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र में संगठित और सतत् विकास को बढ़ावा देना है। यह नीति भूमि मालिकों की सक्रिय भागीदारी से असंगठित भूमि व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित नियोजन से बदलने पर केन्द्रित है। इससे बिना अनिवार्य भूमि अधिग्रहण के भी बेहतर शहरी योजना और बुनियादी ढांचे का विकास संभव होगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस नीति के माध्यम से भूमि मालिकों के सहयोग से भूमि को पूल एवं विकसित करके क्षेत्र में आवश्यक सेवाएं और नियोजित लेआउट की सुविधा प्राप्त होगी। इस नीति के तहत आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, मिश्रित उपयोग और बुनियादी ढांचे के उन क्षेत्रों में बीबीएनडीए विकास परियोजना को बढ़ावा देगा जिन्हें अनुमोदित विकास योजना के तहत शहरीकरण क्षेत्रों में शामिल किया गया है।

प्राधिकरण परियोजनाओं के लिए स्वयं भूमि की पहचान करेगा या फिर विज्ञापनों के माध्यम से भूमि मालिकों को स्वैच्छिक भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाएगा। भूमि मालिक सीधे या एग्रीगेटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कम से कम 60 दिनों की निर्दिष्ट अवधि के भीतर अपनी भूमि का विवरण ऑनलाइन या ऑफलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसे प्राधिकरण द्वारा बढ़ाया जा सकता है। आवेदनों की 30 दिनों के भीतर जांच की जाएगी, और परियोजना कार्यान्वयन के लिए आवश्यक अनुमोदन मांगे जाएंगे।

उन्होंने बताया कि लेआउट की मंजूरी मिलने के बाद इसे दो महीने के भीतर प्रकाशित किया जाएगा, और भूमि मालिकों को अनुमोदित योजना के अनुसार भूमि क्षेत्र के अनुपात में प्लॉट आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद भूमि मालिक आवंटन अधिसूचना जारी होने के 60 दिनों के भीतर एक बिक्री विलेख निष्पादित कर भूमि का स्वामित्व प्राधिकरण को देंगे। भूमि प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दी जाएगी, जिसमें राज्य सरकार पंजीकरण शुल्क और स्टांप शुल्क से छूट प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीति बीबीएन क्षेत्र में विकास को सुव्यवस्थित करने, बेहतर शहरी बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी। भूमि मालिकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने से क्षेत्र में सतत और समावेशी विकास सुनिश्चित करना राज्य सरकार का लक्ष्य है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# पंजाब में खूंखार कुत्तों का कहर

## दहशत में इलाका, लोग घरों से निकलने से भी डर रहे

## दो बच्चों समेत कई पशुओं पर हमला

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** मुल्लांपुर दाखा के गांव हसनपुर और करीमपुरा में खूंखार कुत्तों के झुंड ने आतंक मचाया हुआ है। इन कुत्तों ने दो नाबालिग बच्चों को घायल कर दिया और किसान लाल सिंह के फार्म पर एक बछड़ी व छह बछड़ों को मौत के घाट उतार दिया। बीती रात इन कुत्तों ने एक भैंस की नवजात कटड़ी को भी अपना शिकार बनाया, जिससे ग्रामीणों और पशुपालकों में भय का माहौल है।

**ग्रामीण परेशान, प्रशासन से लगाई गुहार :** किसान लाल सिंह ने बताया कि ये कुत्ते बेहद खतरनाक हैं और राहगीरों, बच्चों व छोटे पशुओं पर हमला कर रहे हैं। उनके फार्म के कर्मचारी भी इनसे डरकर खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है।

**कुत्तों का ठिकाना रेलवे लाइन के पास :** वैटर्नरी इंस्पेक्टर सुखविन्द्र पाल सिंह ने लुधियाना नगर निगम की टीम के साथ जांच की। उन्होंने बताया कि कुत्तों का झुंड रात को करीमपुरा के पास रेलवे लाइनों के किनारे पराली में रहता है। सुबह वे हसनपुर की ओर बढ़ते हैं और फिर किसान रणजीत सिंह जीतू के फार्म पहुंचकर छोटे पशुओं को निशाना बनाते हैं।



### 17 जनवरी को कुत्तों को पकड़ने की योजना

प्रशासन ने गांववासियों के सहयोग से 17 जनवरी को कुत्तों को पकड़ने की योजना बनाई है। इन कुत्तों को ए.बी.सी. प्रोग्राम के तहत हैबोवाल ले जाकर नसबंदी की जाएगी।

### ग्रामीणों और किसान यूनियन का आक्रोश

किसान लाल सिंह ने गांववासियों को सतर्क रहने और इन कुत्तों से बचाव की अपील की है। वहीं, किसान यूनियन के अध्यक्ष जगरूप सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि इन खूंखार पिटबुल कुत्तों को मारने का आदेश दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं हुआ, तो रविवार को लुधियाना-फिरोजपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया जाएगा।

### ग्रामीणों में भय का माहौल

इन कुत्तों के हमलों के कारण ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकलने में भी डर रहे हैं। गुरुद्वारों में भी लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी जा रही है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस समस्या का समाधान कब और कैसे करता है।

# सैफ अली खान केस में पकड़ा गया संदिग्ध, शाहरुख खान के घर भी हुई थी रेकी



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** सैफ अली खान पर हमला करने वाले शख्स को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस बीते दिन से लगातार हमलावर की तलाश में जुटी थी। 16 जनवरी को शख्स सैफ-करीना कपूर के घर में घुस आया था, जिसके बाद सैफ के साथ शख्स की हाथापाई हुई थी.चोरी के इरादे से घर में घुसे इस शख्स ने सैफ पर चाकू से हमला कर दिया था. इस केस में पुलिस को ये भी पता चला है कि सैफ अली खान के घर में घुसने से पहले हमलावर पहले शाहरुख खान के घर के पास पहुंचा था।

सैफ अली खान का लीलावती अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं सैफ का हालचाल जानने के लिए परिवार के लोगों का आना-जाना भी लगा हुआ है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सैफ-करीना कपूर के घर की बिल्डिंग के CCTV फुटेज से हमलावर की पहचान तो कल ही हो गई है. पुलिस बारीकी से मामले के हर पहलू पर विचार कर रही है. पुलिस की मानें तो हमलावर ने शाहरुख खान के घर मन्नत की भी रेकी की थी।

### शाहरुख खान के घर की रेकी की थी

ये बात भी सामने आई है कि सैफ पर हमला करने वाले आरोपियों ने शाहरुख खान के घर की भी टोह ली थी. सूत्रों के अनुसार हमलावर ने पहले शाहरुख खान के घर के आसपास की रेकी की थी। ये काफी हैरान करने वाली बात है. इस जानकारी के बाद ये भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि हमलावर के निशाने पर शाहरुख खान का भी घर हो सकता था. हालांकि शाहरुख खान के घर की टाइट सिक्योरिटी को चकमा देना इतना आसान नहीं है।

### खतरे से बाहर हैं सैफ अली खान

शाहरुख खान के घर की सिक्योरिटी कई लेयर में हैं। शाहरुख के पास पर्सनल गार्डस की टीम है. उनके पास कई बॉडीगार्ड भी हैं। इसके अलावा मन्नत के हर कौने में कैमरे भी लगे हुए हैं।

बता दें, 16 जनवरी को पकड़ा गया शख्स सैफ और करीना के बेटे जेह के कमरे में घुस आया था. इसके अलावा ये भी पता चला है कि इस शख्स ने 1 करोड़ की मांग भी की थी. सैफ ने जब हमलावर से बात करने की कोशिश की तो उसने एक्टर पर एक के बाद एक चाकू चला डाले. सैफ को दो गंभीर घाव आए हैं. एक्टर की सर्जरी हो चुकी है और वो अब खतरे से बाहर हैं।



# कनाडा से गायब हुए 20 हजार भारतीय स्टूडेंट्स

## रिपोर्ट में हुआ चौंकाने वाला खुलासा, नई दिल्ली में मचा हड़कंप

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** कनाडा में 'इमिग्रेशन, रिफ्यूजी एंड सिटीजनशिप कनाडा' की रिपोर्ट ने नई दिल्ली की टेंशन बढ़ा दी है। IRCC की रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है कि देश से कनाडा गए लगभग 20 हजार भारतीय छात्र कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से लापता हैं।

इन स्टूडेंट्स को उनके कॉलेज और विश्वविद्यालयों में नो-शो' के रूप में चिह्नित किया गया है। इसका मतलब है कि उन्हें वहां लंबे वक्त से नहीं देखा गया। ऐसे में ये सवाल उठता है कि इतने सारे भारतीय स्टूडेंट्स आखिर गायब कहां हो गए हैं? इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद कई विशेषज्ञों का ऐसा मानना है कि गायब स्टूडेंट्स कनाडा में ही काम कर रहे हैं और स्थायी निवासी बनने का सपना रखते हैं। पूर्व संघीय अर्थशास्त्री और आव्रजन मामलों के विशेषज्ञ हेनरी लोटिन का भी ऐसा ही कुछ मानना है। उनके मुताबिक अधिकांश स्टूडेंट्स अमेरिका की सीमा पार नहीं कर रहे हैं, बल्कि कनाडा में काम कर रहे हैं। इसके पीछे उद्देश्य स्थायी रूप से कनाडा में बसना हो सकता है।

### कनाडा में नए इमिग्रेशन नियम

जानकारी के लिए बता दें कि 2014 में कनाडा में इंटरनेशनल स्टूडेंट कम्प्लायंस रिजाइम लागू किया गया था, जिसका मकसद फर्जी छात्रों की पहचान करना और संदिग्ध स्कूलों को चिन्हित करना था। आव्रजन विभाग साल में दो बार कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से छात्रों की उपस्थिति की रिपोर्ट मांगता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अपने स्टडी परमिट का पालन कर रहे हैं। इसके अलावा भारत में इस मुद्दे को लेकर मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध तस्करी का मामला भी सामने आया है। असल में भारत के प्रवर्तन निदेशालय (ED)कनाडा से अमेरिका में भारतीयों की तस्करी के एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहा है। असल में कुछ समय पहले कनाडा-अमेरिका सीमा को अवैध रूप से पार करने की कोशिश में गुजरात के डिंगुचा गांव के एक भारतीय परिवार की अत्यधिक ठंड से मौत हो गई थी। ED उसी केस की जांच कर रही है।